# फोरलेन निर्माण बना मुसीबत, अस्थायी मार्ग पर कीचड़ से गिर रहे बाइक सवार

## औद्योगिक क्षेत्र में लग रहा जाम, जिम्मेदारों का नहीं ध्यान, लापरवाही हो रही उजागर

**मक्सी। मक्सी में निर्माणाधीन फोरलेन सड़क अब राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। इंडस्ट्रियल एरिया स्थित मालवा तौल कांटे के पीछे फोरलेन मार्ग पर नाले के पाइप डालने के कारण बनाया गया अस्थायी मार्ग इन दिनों खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है। संकरा और कच्चा होने के साथ साथ मार्ग पर अत्यधिक पानी डाले जाने से कीचड़ फैल गया है, जिससे बाइक सवार लगातार फिसलकर गिर रहे हैं।**

स्थानीय लोगों के अनुसार इस मार्ग से गुजरना जोखिम भरा हो गया है। कई वाहन चालकों को घंटों जाम में फंसना पड़ रहा है। वहीं दोपहिया वाहन चालकों के गिरने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। स्थिति को देखते हुए मालवा तौल कांटा के संचालक जितेंद्र राठौर ने पीडब्ल्यूडी के सब इंजीनियर मुकेंद्र प्रसाद पांडेय को फोन कर समस्या से अवगत कराया, जिसका ऑडियो भी सामने आया है। बातचीत के दौरान मालवा तौल कांटा संचालक ने स्पष्ट रूप से बताया कि कीचड़ के कारण लोग गिर रहे हैं और मार्ग को सुधारने की आवश्यकता है। इस पर सब इंजीनियर द्वारा संतोषजनक जवाब देने के बजाय जिम्मेदारी से बचने की कोशिश की गई। यहां तक कि बातचीत के बीच में जब मालवा तौल कांटे से जितेंद्र राठौर ने कहा कि यहां दो पहिया वाहन वाले गिर रहे हैं, तो उस बात पर मुकेंद्र प्रसाद पाण्डेय ने जवाब देते हुए कहा कि आपको उससे क्या लेना देना और यही नहीं बात पूरी न होने से पहले ही उनके द्वारा फोन काट दिया गया, जिससे विभागीय संवेदनहीनता उजागर होती है।



### क्वालिटी पर उठ रहे गंभीर सवाल...

फोरलेन निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर भी स्थानीय लोगों में आक्रोश है। आरोप है कि सड़क निर्माण में नाले का कचरा तक भराव में उपयोग किया जा रहा है। करोड़ों की लागत से बन रही इस परियोजना में ठेकेदार द्वारा भ्रष्टाचार की सीमा लांघी जा रही है। जिस पर अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं।

### कोई गिर रहा है, तो संभल कर चलें

नवभारत संवाददाता ने इस संबंध में सब इंजीनियर मुकेंद्र प्रसाद पाण्डेय से चर्चा की, तो उन्होंने काम करने वालों के पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए काम में देरी की बात कही। उन्होंने यहां तक कह दिया कि अगर कोई गिर रहा है, तो संभलकर चलना चाहिए, जो उनकी कार्यशैली पर सवाल खड़े करता है।

**इनका कहना है**

*आपके माध्यम से मामला संज्ञान में आया है। मैं दिखवाती हूं।*

*- मनीषा वास्कले, एसडीएम*

## एक नजर में

### सात निजी उर्वरक विक्रेताओं के लायसेंस निलंबित

**शाजापुर।** शासन द्वारा प्रदेश में उर्वरक वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं सुगमतापूर्वक प्रदान करने के लिए ई-विकास वितरण एवं कृषि आपूर्ति समाधान प्रणाली प्रारंभ की गई है। शासन द्वारा 1 अप्रैल 2026 से जिले में शत-प्रतिशत उर्वरक वितरण ई-विकास प्रणाली के माध्यम से किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। इस संबंध में उप संचालक कृषि द्वारा प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर निजी उर्वरक विक्रेताओं के साथ बैठक का आयोजन भी किया गया है। जिले में 16 निजी विक्रेताओं को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए थे, जिसमें से 7 निजी उर्वरक विक्रेताओं जिनमें मेसर्स जय बाबारी कृषि सेवा केन्द्र, सिंगाजी कृषि फॉर्म मो. बड़ोदिया, फर्टिलाइजर जंक्शन शुजालपुर, देव कृपा कृषि सेवा केंद्र कालापीपल, सांवरिया कृषि सेवा केंद्र मो. बड़ोदिया, कनिष्का एग्रो सेल्स मो. बड़ोदिया, जामलिया ट्रेडर्स ग्राम मोहना को ई-विकास प्रणाली का पालन नहीं कर उर्वरक वितरण करने एवं शासन के निर्देशो की अवहेलना करने तथा उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के प्रावधानो का उल्लंघन करने पर उक्त फर्मों को जारी फुटकर प्राधिकार पत्र निलंबित किए गए हैं। निलंबन अवधि के दौरान इन फर्मो पर उर्वरक के किसी भी प्रकार के क्रय, विक्रय पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। ई-विकास प्रणाली से उर्वरक वितरण नहीं करने वाली निजी फर्मों और संस्थाओं पर निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

### बिसानी श्रमजीवी पत्रकार संघ के ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त



**मोहन बड़ोदिया।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ में एक बार फिर देवेंद्र कुमार बिसानी पर विश्वास जताते हुए उन्हें मोहन बड़ोदिया ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रांत अध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देश एवं संभागीय अध्यक्ष मनोज जैन के मार्गदर्शन में की गई। जिला अध्यक्ष अभिषेक सक्सेना एवं जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम सोनी की सहमति से यह निर्णय लिया गया।

### जवाहर नवोदय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत

**शाजापुर।** पीएमश्री योजना अंतर्गत संचालित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय अरनियाकला ने सीबीएसई के हाईस्कूल परीक्षा में इस वर्ष उत्कृष्ट परिणाम दर्ज कर जिले में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो विद्यार्थियों की मेहनत एवं शिक्षकों के समर्पण को दर्शाता है। सीबीएसई प्रभारी बीएल सिंह ने बताया कि इस वर्ष कुल 79 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें सभी विद्यार्थी सफल रहे। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों में हर्षल सक्सेना एवं हर्षित पाटीदार ने 95.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं मो. तैयब एवं नयन पाटीदार ने क्रमशः तृतीय एवं चतुर्थ स्थान हासिल किया। विषयवार प्रदर्शन में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्टता दिखाई। गणित विषय में चार विद्यार्थियों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। नयन पाटीदार ने विज्ञान में 99 अंक, हर्षित पाटीदार ने सामाजिक विज्ञान में 97 अंक तथा सौम्या पाटीदार ने हिंदी विषय में 99 अंक अर्जित किए। इस वर्ष जुड़े फिजिकल एक्टिविटी ट्रेनिंग विषय में सौम्या एवं पूनम पाटीदार ने 100 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। विद्यालय के शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा। हिंदी विषय में अर्चना त्यागी, अंग्रेजी में सुनीता देवी एवं यमन मोरंवे, गणित में जयश्री, विज्ञान में शहरम तथा सामाजिक विज्ञान में बीएल सिंह, सीता गुप्ता एवं शिवदास पांडेय, पीएटी विषय के शिक्षक दिनेश कुशवाहा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने यह सफलता प्राप्त की। विद्यालय के प्राचार्य अशोक राजे एवं वरिष्ठ शिक्षक मिथलेश कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यालय के समस्त स्टाफएवं अभिभावकों के सहयोग के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं अनुशासित वातावरण का प्रतिफल है।

### जनगणना के लिए दिया प्रशिक्षण




**शाजापुर।** जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन के लिए शुक्रवार को जिला प्रशासन द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण के प्रथम दिवस नगर में निर्धारित चार केंद्रों पर अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जनगणना के कार्य के दौरान रखी जाने वाली सावधानियां, जानकारियां भरने का तरीका आदि के बारे में बताया गया। वहीं जनगणना के लिए बनाए गए पोर्टल सॉफ्टवेयर के माध्यम से दर्ज की जाने वाली जानकारी के बारे में भी अनुभवी प्रशिक्षकों के द्वारा जानकारी दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज नगर में चार केंद्र बनाए गए, जिसमें कौटिल्य एजुकेशन एकेडमी, संदीपनी स्कूल लालघाटी, इंटरनल स्कूल सहित अन्य जगह केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें जनगणना का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### शुजालपुर में दो युवतियों की संदिग्ध मौत

**शुजालपुर।** शुक्रवार को दो अलग-अलग घटनाओं में युवतियों की मौत हो गई। ग्राम बागनखेड़ी में 16 वर्षीय संजना परमार ने कथित रूप से जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसे अस्पताल ले जाने पर तड़के 3.38 बजे मृत घोषित कर दिया गया। वहीं ग्राम कड़वाला की 20 वर्षीय पूजा पुरविया को उल्टी, पेट दर्द के बाद सिविल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दोनों मामलों में मौत के कारण स्पष्ट नहीं हैं। पुलिस ने शव का परीक्षण सिविल अस्पताल शुजालपुर में करवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया।

# शून्य रहा इमलीखेड़ा का परीक्षा परिणाम

## बोर्ड परीक्षा परिणामों पर शिक्षा विभाग बरतेगा सख्ती

**शाजापुर, 17 अप्रैल। हाल ही में घोषित हुए माशिमं के परीक्षा परिणामों में इस बार विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। लेकिन कई स्कूल ऐसे हैं, जो अपेक्षाओं पर खतरे नहीं उतरे हैं।**

**जिले के इमलीखेड़ा का परीक्षा परिणाम तो शून्य रहा है, जबकि गत वर्ष यही विद्यालय शत प्रतिशत परिणाम दे चुका है। ऐसा क्यों हुआ, इसका कारण जानने शिक्षा विभाग ने कवायद शुरू कर दी है। जिनके द्वारा ऐसे स्कूलों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। जिसके अनुसार समीक्षा की जाएगी और आवश्यकता होने पर कार्रवाई भी की जाएगी।**

जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शिप्रे ने बताया कि जिले के 116 सरकारी स्कूलों की समीक्षा की गई। इसमें 10वीं के लिए न्यूनतम 70 प्रतिशत और 12वीं के लिए 80 प्रतिशत परिणाम का लक्ष्य रखा गया था। समीक्षा में पाया गया कि 50 स्कूलों में से 40 स्कूल ऐसे हैं, जिनका 10वीं का रिजल्ट इससे कम रहा। वहीं 12वीं कक्षा में 24 स्कूल 80 प्रतिशत के निर्धारित औसत से नीचे रहे हैं। इन सभी स्कूलों को नोटिस जारी कर उनसे कम परिणाम के कारण पूछे जा रहे हैं।

### इमलीखेड़ा हाईस्कूल परिणाम ने चौंकाया...

सबसे चौंकाने वाला मामला कालापीपल क्षेत्र के इमलीखेड़ा हाई स्कूल का है। जहां 2026 में 10वीं का रिजल्ट जीरो प्रतिशत रहा। जबकि 2025 में यही स्कूल 100 प्रतिशत परिणाम के साथ बेहतर प्रदर्शन कर चुका था। इसके अलावा बिकलाखेड़ी 32.14, बेहरावल 42.31, खड़ी 46.15 और धाराखेड़ी का 47.22 प्रतिशत परिणाम रहा। इनके जैसे कई स्कूलों में भी रिजल्ट में भारी गिरावट दर्ज की गई है।

### तीन छात्र प्रदेश की टॉप सूची में...

जिले के तीन विद्यार्थियों ने प्रदेश की टॉप 10 सूची में जगह बनाई। शुजालपुर की शैली नेमा ने 12वीं वाणिज्य संकाय में 96.6 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में 8वां स्थान प्राप्त किया। वहीं 10वीं में रानी जैन 9वां स्थान और आशू मीना 10वां स्थान ने भी जिले का नाम रोशन किया है। जिसके चलते इस बार के परीक्षा परिणामों ने जिले को गौरवान्वित किया है। लेकिन जो स्कूल पिछड़े हैं, उनके कारण जानने के प्रयास शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे हैं।

### पत्रकार सम्मान समारोह कल

**बड़ौद।** जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश के तत्वावधान में राज्यस्तरीय पत्रकार और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 19 अप्रैल को बड़ौद में किया जाएगा। यह आयोजन प्रांतीय अध्यक्ष डॉ। अरुण सक्सेना के निर्देशन एवं बड़ौद इकाई के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम प्रात: 10 बजे श्री महावीर जैन विद्यालय परिसर में प्रारंभ होगा, जिसमें प्रदेश भर से पत्रकार साथी एवं विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाएं शामिल होंगी। समारोह में पत्रकारों के साथ साथ समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। राज्यस्तरीय पत्रकार एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 2026 प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम के आयोजन में उज्जैन संभागीय अध्यक्ष अमजद खान,संभागीय उपाध्यक्ष साबिर शेख, जिला अध्यक्ष महेंद्र कुमार जैन, जिला महासचिव पिंटू वैरागी, ब्लॉक अध्यक्ष शुभम भावसार सहित आरिफ मुल्तानी, सुनील चौहान, विनोद माली की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

# अतिक्रमण हटाने का थमाया नोटिस



**मोहन बड़ोदिया। शाजापुर जिले में अवैध अतिक्रमण को लेकर प्रशासन द्वारा मुहिम चलाई जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को मोहन बड़ोदिया तहसीलदार के आदेश पर ग्राम पंचायत मोहन बड़ोदिया के सचिव अर्जुन सिंह चौहान और ग्राम पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा मोहन बड़ोदिया के आगर, सारंगपुर मार्ग और नलखेड़ा रोड़ पर दुकानदारों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं।**

इसमें कहा गया कि दुकान के सामने रोड पर जो टीनशेड अवैध रूप से लगाकर अतिक्रमण किया गया है, जिससे आमजन को आवागमन मे गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सूचना पत्र प्राप्त होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर अपना अतिक्रमण हटा लेवें। अगर ग्राम पंचायत द्वारा हटाए जाने पर जो व्यय होगा, उसका वहन आपको देय होगा अन्यथा आपके विरूद्ध वैधानिक आवश्यक कार्यवाही की जाएगी, जिसके आप स्वयं जिम्मेदार रहेंगे।

# उत्कृष्ट रहा जॉय एकेडमी का परिणाम



**शुजालपुर। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था जॉय किड्स एकेडमी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के परीक्षा परिणामों में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है।**

नन्हे विद्यार्थियों से लेकर वरिष्ठ कक्षाओं तक सभी ने उत्कृष्ट परिणाम देकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में जरीन खान ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 12वीं गणित संकाय में अनन्या जैन ने 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। कॉमर्स संकाय में भावना मेवाड़ा ने 86.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि जीव विज्ञान संकाय में स्वस्ति जैन ने 92 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय की प्राचार्य एवं संचालिका रिंकू सोलंकी ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से यह उत्कृष्ट परिणाम संभव हो सका है।

# विहिप और बजरंग दल ने बस स्टैंड पर किया प्रदर्शन

## लव जिहाद, अवैध कब्जे और धर्मांतरण पर जताई चिंता, ज्ञापन सौंपकर की कार्रवाई की मांग

**शाजापुर। स्थानीय बस स्टैंड पर विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान सभी ने धर्मांतरण, लव जिहाद व अवैध कब्जों पर चिंता जताते हुए इसे लेकर कार्रवाई की मांग की और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।**



राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने बताया कि देश में बढ़ती सामाजिक और सुरक्षा संबंधी समस्या को तुरंत हल किया जाना चाहिए। इसमें कथित लव जिहाद, अवैध कब्जों, जबरन धर्मांतरण और अन्य सामाजिक गतिविधियों का उल्लेख किया गया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि ऐसी घटनाएं सामाजिक माहौल और सुरक्षा के लिए खतरा बन रही हैं।

उन्होंने मांग की कि दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और अवैध कब्जों को हटाया जाए। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि महिलाओं के साथ होने वाले अपराध, ब्लैकमेलिंग और धर्मांतरण जैसी घटनाओं पर रोक लगाई जाए। साथ ही जनजातीय क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग भी की गई।

**पुलिस रही तैनात...**

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने पोस्टर और बैनर के जरिए जागरुकता संदेश दिए। पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ और प्रशासन की निगरानी में रहा। हालांकि कार्यक्रम को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। करीब पांच थानों का पुलिस बल मौके पर तैनात रहा, जिससे पूरे क्षेत्र में निगरानी रखी गई।

# प्रदेश मेरिट में आई शैली का अखंड सेवा समिति ने किया सम्मान

**शुजालपुर। शिक्षा के क्षेत्र में शुजालपुर की मेधावी बेटियों ने एक बार फिर नगर का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित 12वीं बोर्ड की परीक्षा में संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा शैली नेमा पिता अजय नेमा ने वाणिज्य संकाय में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में आठवां स्थान हासिल किया है।**

शैली की इस अभूतपूर्व सफलता पर नगर की अग्रणी सामाजिक संस्था अखंड सेवा समिति द्वारा उनके निवास पर पहुँचकर बिटिया का भव्य सम्मान किया गया। समिति के सदस्यों ने शैली को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसी मेधावी बेटियाँ समाज का गौरव हैं और अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणापुंज हैं।

**सेवा और सरोकार का संगम**

अखंड सेवा समिति वर्षों से रचनात्मक और सामाजिक कार्यों में अग्रणी रही है। बिटिया के सम्मान के दौरान समिति के सदस्यों ने बताया कि समिति द्वारा मेधावी प्रतिभाओं को



प्रोत्साहित करने का कार्य निरंतर किया जाता है। विगत कई वर्षों से समिति के सदस्य प्रति रविवार सिविल अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित कर सेवा का संकल्प निभा रहे हैं। नगर के सर्वांगीण विकास और जनसेवा के कार्यों में समिति की सक्रिय भागीदारी रहती है।

# वाहन की टक्कर से वानर घायल

**शाजापुर। नेशनल हाईवे 52 पर शुक्रवार सुबह एक अज्ञात वाहन ने बंदर को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर तड़त रहा था। किसी ने इसकी सूचना डायल 112 को दी, जिसके आरक्षक ने बंदर को अस्पताल पहुंचाया और इसकी सूचना वन विभाग को दी।**

घटना सुबह करीब 7 बजे बिजाना जोड़ के पास हुई। हादसे के बाद बंदर सड़क किनारे तड़पता हुआ मिला, जिसके शरीर से खून बह रहा था। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पायलट राजेंद्र सिकरवार और प्रधान आरक्षक पवन शर्मा ने घायल बंदर को सावधानीपूर्वक शाजापुर के पशु चिकित्सालय पहुंचाया। वहां डॉक्टरों की टीम ने उसका प्राथमिक उपचार शुरू किया और उसकी स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसके बाद इस घटना की जानकारी वन विभाग को भी दे दी है। अधिकारियों के अनुसार बंदर के पूरी तरह स्वस्थ होने तक उसकी देखभाल की जाएगी। स्वास्थ्य लाभ के बाद उसे सुरक्षित रूप से उसके प्राकृतिक आवास, जंगल में छोड़ दिया जाएगा।

## एक नजर में

### किसानों का आरोप - गेहूं में मिट्टी बताकर तुलाई करने से मना कर रहे अधिकारी

# दुपाड़ा सोसायटी में गेहूं खरीदी पर हंगामा, किसानों ने रोकी तुलाई

**मोहन बड़ोदिया। मोहन बड़ोदिया तहसील अंतर्गत ग्राम दुपाड़ा सोसायटी में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के दौरान शुक्रवार दोपहर किसानों ने विरोध प्रदर्शन कर तुलाई बंद करा दी। किसानों का आरोप है कि केंद्र पर मौजूद अधिकारी उनके गेहूं में मिट्टी बताकर तुलाई से मना कर रहे हैं, जबकि उनका कहना है कि फसल पूरी तरह सही है। इस विवाद के चलते कुछ समय के लिए खरीदी कार्य ठप्प हो गया।**



किसानों ने बताया कि करीब 8 ट्रैक्टर गेहूं लेकर केंद्र पर खड़े हैं, लेकिन धूल-मिट्टी का हवाला देकर तुलाई नहीं की जा रही। किसानों का कहना है कि सुबह 11 बजे ही अधिकारियों को सूचना दी गई थी। बावजूद इसके समय पर कोई जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे आक्रोश बढ़ गया।

मोहन बड़ोदिया जनपद उपाध्यक्ष गोविंद नागर ने मोहन बड़ोदिया तहसीलदार को सूचना दी, जिसके उपरांत सूचना मिलने पर जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी देवेंद्र प्रताप शर्मा मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि कुछ गेहूं नॉन-एफएक्यू श्रेणी का है, जिसमें मिट्टी की मात्रा अधिक है। ऐसे गेहूं की तुलाई करने पर आगे केंद्रों पर रिजेक्शन का खतरा रहता है, जिससे किसानों के भुगतान में दिक्कत आ सकती है।

**इनका कहना है**

*सर्वेयर द्वारा कुछ ट्रॉलियों को नॉन-एफएक्यू बताकर रिजेक्ट किया गया है। जांच के लिए नायब तहसीलदार मुकेश गुप्ता सहित टीम मौके पर भेजी गई है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।*

*- दिव्या जैन, तहसीलदार मोहन बड़ोदिया*

### सिविल अस्पताल में 22 को रक्तदान शिविर

**शुजालपुर।** दिल में सुकून, चेहरे पर मुस्कान की भावना के साथ शहर में एक सराहनीय पहल होने जा रही है। मानवीय सेवा समिति द्वारा सिविल अस्पताल शुजालपुर मंडी में 22 अप्रैल बुधवार को प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना और लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। आयोजकों ने बताया कि एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है, इसलिए अधिक से अधिक लोगों को इस पुनीत कार्य में भाग लेना चाहिए। जानकारी सिविल अस्पताल कांउसलर जया माहेश्वरी ने दी।